भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1838

01 अगस्त, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

आंध्र प्रदेश में एससीएम

1838. श्री केसिनेनी शिवनाथ:

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) के कार्यान्वयन की तारीख क्या है;

(ख) आंध्र प्रदेश में एससीएम के अंतर्गत कुल कितने शहर हैं;

(ग) इन शहरों में क्या सुविधाएँ और परियोजनाएं कार्यान्वित की गई हैं और परियोजनाओं हेतु कितना वित्तीय आवंटन किया गया है और इनमें क्या प्रगति की गयी है;

(घ) क्या सरकार का एससीएम बढ़ाने का लक्ष्य है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और बढाई गई समयावधि, यदि कोई हो, तो क्या है;

(ङ.) यदि नहीं, तो क्या इसके स्थान पर कोई नया कार्यक्रम लाया जाएगा; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क) और (ख) स्मार्ट सिटीज मिशन (एससीएम) की शुरुआत 25 जून 2015 को हुई थी और दो चरणों वाली चुनौती प्रक्रिया के माध्यम से 100 शहरों को इस मिशन में चयनित किया गया। स्मार्ट सिटीज मिशन के तहत आंध्र प्रदेश राज्य के चार शहर अर्थात विशाखापत्तनम, काकीनाड़ा, तिरुपति और अमरावती शामिल हैं।

(ग) चयनित शहरों ने क्षेत्रों के अंतर्गत अपने नागरिकों की आवश्यकताओं के आधार पर परियोजनाओं और सुविधाओं को प्राथमिकता दी, जिसमें, अन्य बातों के साथ-साथ, जल स्वच्छता और हाइजीन (डब्ल्यूएएसएच), स्मार्ट मोबिलिटी, स्मार्ट शासन, स्मार्ट ऊर्जा, सामाजिक और आर्थिक इंफ्रास्ट्रक्चर, जीवंत सार्वजनिक स्थान और एकीकृत कमान और नियन्त्रण केंद्र (आईसीसीसी) शामिल हैं। आंध्र प्रदेश राज्य के स्मार्ट सिटीज द्वारा की गई प्रगति और वित्तीय आवंटन अनुलग्नक में दिया गया है।

(घ) से (च) स्मार्ट सिटीज मिशन के कार्यान्वयन की अवधि को 31 मार्च 2025 तक बढ़ा दिया गया है। वर्तमान में, स्मार्ट सिटीज मिशन की जगह नया कार्यक्रम लाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

***

अनुलग्नक

माननीय संसद सदस्य श्री केसिनेनी शिवनाथ द्वारा आंध्र प्रदेश में एससीएम के संबंध में 01.08.2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1838 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

12.7.2024 तक आंध्र प्रदेश राज्य के स्मार्ट सिटीज में वित्तीय आवंटन और प्रगति का शहर-वार विवरण

(राशि रुपये करोड़ में)

शहर	जारी की गई कुल निधियां (भारत सरकार+राज्य)	कुल उपयोग (भारत सरकार+राज्य)	पूर्ण परियोजनाएँ		कुल परियोजनाएँ	
			परियोजनाओं की संख्या	राशि	परियोजनाओं की संख्या	राशि
अमरावती	1,048.00	779.29	14	746	20	930
काकीनाड़ा	978.00	783.57	79	1722.97	92	1908.09
तिरुपति	578.00	574.02	79	1614.23	104	2086.94
विशाखापत्तनम	986.80	838.47	62	1573.58	65	1695.23
कुल	**3,590.80**	**2,975.35**	**234**	**5656.78**	**281**	**6620.26**

12 जुलाई, 2024 तक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों/स्मार्ट सिटीज मिशन द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार